रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-30072024-255930
CG-DL-E-30072024-255930

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2900] नई दिल्ली, मंगलवार, जुलाई 30, 2024/श्रावण 8, 1946
No. 2900] NEW DELHI, TUESDAY, JULY 30, 2024/SHRAVANA 8, 1946

## सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 26 जुलाई, 2024

**का.आ. 3041(अ).**—चूंकि, केन्द्र सरकार ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिनियम, 1988 (1988 का 68) की धारा 11 के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 515(अ) दिनांक 03 फ़रवरी 2021 द्वारा 'दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बवाना औद्योगिक क्षेत्र के निकट एनएच-344एम के साथ अपने जंक्शन से शुरू होकर हरियाणा राज्य में बड़वासिनी गांव (सोनीपत) के निकट एनएच-352ए के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त' खंड भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (जिसे इसके पश्चात् "प्राधिकरण" कहा गया है) को सौंपा है;

अतः अब केन्द्र सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दर अवधारण एवं संग्रहण) नियम, 2008 (जिसे इसके पश्चात "नियम" कहा जाए) के नियम 3 के साथ पठित राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) की धारा 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 4-लेन एनएच-344पी (यूईआर पैकेज-04) किमी 00+000 से किमी 29+600 तक, दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र (एनएच-344एम के किमी 07+750 पर) से शुरू होकर हरियाणा के सोनीपत के बड़वासिनी गांव में एनएच-352ए के सोनीपत बाईपास तक 344एम के स्पर के रूप में नीचे दी गई तालिका 1 के कॉलम (1) में निर्दिष्ट वाहनों के प्रकार पर चार या अधिक लेन वाले खंड के उपयोग के लिए सड़क खंड की निवल लंबाई 28.282 कि.मी. तथा 18.130 कि.मी. (जिनकी कुल लंबाई 1.813 कि.मी. है) कुल लंबाई की समकक्ष बुनियादी ढांचा (जिनकी लम्बाई 60 मीटर से अधिक है) हेतु यांत्रिक वाहनों पर सारणी 1 के स्तंभ (2) में विनिर्दिष्ट आधार दरों पर और बाईपास जिनकी लंबाई 00.00 किमी है, और लागत दस करोड़ या उससे अधिक है, के उपयोग हेतु आधार दर के 150% की दर से शुल्क उद्ग्रहीत करती है एवं प्राधिकरण को अपने अधिकारियों अथवा संविदाकार के माध्यम से उक्त शुल्क का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत करती है, अर्थात्:-

| तालिका-1 | |
|---|---|
| **वाहन का प्रकार** | **आधार वर्ष 2007-08 के लिए प्रति कि.मी. शुल्क की आधार दर (रुपए में)** |
| (1) | (2) |
| कार, जीप, वैन अथवा हल्के मोटर वाहन | 0.65 |
| हल्के वाणिज्यिक वाहन, हल्के मालवाहक वाहन अथवा मिनी बस | 1.05 |
| बस अथवा ट्रक (दो धुरा वाले) | 2.20 |
| तीन धुरा वाले वाणिज्यिक वाहन | 2.40 |
| भारी निर्माण मशीनरी (एच.सी.एम.) अथवा अर्थ मूविंग उपस्कर (ई.एम.ई) अथवा बहुधुरीय वाहन (एम.ए.वी.) (चार से छह धुरा वाले) | 3.45 |
| बड़े आकार वाले वाहन (सात अथवा अधिक धुरा वाले) | 4.20 |

1. नीचे लिए जाने वाला एवं संग्रहित किए जाने वाला शुल्क निम्नलिखित शुल्क प्लाजा पर ऐसे शुल्क प्लाजा के लिए उल्लिखित सड़क की निवल लम्बाई हेतु देय और भुगतान योग्य होगाः

| तालिका-2 | | |
|---|---|---|
| **शुल्क प्लाजा का स्थान (जरीब-दूरी)** | **लम्बाई (किलोमीटर में) जिसके लिए शुल्क भुगतान योग्य है** | **दर जिस पर शुल्क भुगतान योग्य है** |
| किमी 09.550 पर (हरियाणा राज्य के सोनीपत जिले के झिंजोली गांव के पास) | 28.282 (बुनियादी ढांचे की लंबाई (60 मी. से अधिक) को छोड़कर) | चार या अधिक लेन हेतु ऊपर सारणी-1 में उल्लिखित आधार दरों का 100% |

2. उपर्युक्त के अतिरिक्त, निम्नलिखित बुनियादी ढांचाओं, जिनकी लम्बाई 60 मीटर से अधिक है, के उपयोग के लिए ऐसी बुनियादी ढांचाओं की लम्बाई को समकरण गुणक 10 से गुणा करके राजमार्ग की समकक्ष लम्बाई में परिवर्तन करते हुए, निम्नलिखित शुल्क प्लाजाओं पर निम्नलिखित शुल्क भी देय और भुगतान योग्य होगाः

| तालिका-3 | | | |
|---|---|---|---|
| **शुल्क प्लाजा का स्थान (जरीब-दूरी)** | **सड़क की लम्बाई के समान परिवर्तित बुनियादी ढांचा की लम्बाई* (किमी में)** | **समकक्ष सड़क लम्बाई (किमी)** | **दर जिस पर शुल्क भुगतान योग्य है** |
| किमी 09.550 पर (हरियाणा राज्य के सोनीपत जिले के झिंजोली गांव के पास) | 1.813 | 18.13 | चार या अधिक लेन हेतु ऊपर सारणी-1 में उल्लिखित आधार दरों का 100% |

^ विवरण निम्नानुसार है;

| 4 लेन संरचनाएँ | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | चेनेज | | संरचना का प्रकार | लंबाई (कि.मी. में) |
| | कि.मी. से | कि.मी. तक | | |
| 1 | 0.162 | 0.504 | बायीं ओर फ्लाईओवर | 0.245 |
| 2 | 0.280 | 0.427 | दाहिनी ओर अंडरपास बॉक्स | |
| 3 | 3.140 | 3.260 | फ्लाईओवर | 0.120 |
| 4 | 23.200 | 24.325 | फ्लाईओवर | 1.125 |
| 5 | 29.200 | -0.225 | बाईं ओर अंडरपास बॉक्स | 0.25 |
| 6 | 29.300 | -0.225 | दाईं ओर अंडरपास बॉक्स | |
| 7 | 29.380 | 29.453 | पुल (निरंतर संरचनाएँ) | 0.073 |
| **कुल** | | | | **1.813** |

3. जिस व्यक्ति का अपना यांत्रिक वाहन, गैर-वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए पंजीकृत हुआ हो और वह शुल्क प्लाजा से बीस किलोमीटर तक की दूरी में ही रहता/रहती हो, उसके लिए वर्ष 2024-25 के लिए मासिक पास की दर 340.00/- रूपए (तीन सौ चालीस रूपए मात्र) होगी और उक्त नियमों के उपबंधों के अनुसार उसमें प्रत्येक वर्ष संशोधन किया जायेगा।

4. राजमार्ग खण्ड पर बहुयात्राओं हेतु पास निम्नलिखित दरों पर जारी किए जाएंगे, अर्थात्:

**तालिका-4**

| **संदेय राशि** | **अनुमत्य एकतरफा यात्राओं की अधिकतम संख्या** | **वैधता अवधि** |
|---|---|---|
| एकतरफा यात्रा के लिए शुल्क का डेढ़ गुना | दो | भुगतान के समय से चौबीस घंटे |
| पचास अथवा अधिक एकल यात्राओं के लिए भुगतान योग्य शुल्क की राशि का दो-तिहाई | पचास | भुगतान की तारीख से एक माह |

5. जिस जिले में शुल्क प्लाजा स्थित है, उसमें पंजीकृत वाणिज्यिक वाहन (राष्ट्रीय परमिट के अधीन चल रहे वाहनों को छोड़कर) के लिए शुल्क उस श्रेणी के लिए वाहन के लिए निर्धारित शुल्क का 50% होगा बशर्ते कि ऐसे वाणिज्यिक वाहनों के उपयोग के लिए कोई सर्विस सड़क अथवा वैकल्पिक सड़क उपलब्ध न हो।

6. जो यांत्रिक वाहन अपनी श्रेणी के लिए निर्धारित अनुज्ञेय भार की अपेक्षा अधिक भार से लदा हुआ होगा उसके चालक अथवा मालिक अथवा प्रभारी व्यक्ति को ऐसे अधिक भार से लदे हुए वाहन को राष्ट्रीय राजमार्ग में प्रवेश कराने के लिए शुल्क संग्रहण एजेंसी को राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियमावली के नियम 10 के उप नियम 1ए में उल्लिखित शुल्क के बराबर शुल्क का भुगतान करना होगा और उसे राजमार्ग खण्ड का उपयोग करने की तब तक अनुमति नहीं होगी जब तक ऐसे यांत्रिक वाहन से अधिक भार को हटा न दिया जाए।

7. यांत्रिक वाहनों की श्रेणी, उनके लिए अनुज्ञेय भार, छूट-प्राप्त वाहनों की श्रेणी, सर्विस सड़क, वैकल्पिक सड़क आदि सहित सभी परिभाषाएं नियमों में विनिर्दिष्ट परिभाषाओं के अनुसार होंगी।

8. उक्त नियमों के नियम 12 के अनुसार उपयोगकर्ताओं की जानकारी के लिए शुल्क की दरें प्रदर्शित की जाएंगी।

9. ऊपर सारणी-1 में यथा-उल्लिखित आधार वर्ष 2007-08 के लिए प्रति किलोमीटर शुल्क की आधार दर के आधार पर, यांत्रिक वाहनों से लिए जानेवाले वास्तविक शुल्क और कटौतियों की गणना भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा खंड की पूर्ण हुई लम्बाई के आधार पर की जाएगी और उसमें उक्त नियमों के नियम 5 के अनुसार वार्षिक तौर पर संशोधन किया जाएगा तथा इसे तदनुसार अंग्रेजी और स्थानीय भाषा के कम-से-कम एक-एक समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाएगा।

10. इस परियोजना की अनुमानित पूंजीगत लागत 1918.59 करोड़ रुपए है। पूंजी लागत में परिवर्तन हो सकता है क्योंकि भूमि अर्जन, जन-उपयोगिता सेवाओं का स्थान बदलने, पेड़ों की कटाई आदि जैसे क्रियाकलाप अभी पूरे किए जाने शेष हैं। प्राधिकरण द्वारा प्रयोगकर्ताओं से वसूल किए गए शुल्क के जरिए पूंजीगत लागत की वसूली का रिकार्ड रखा जाएगा।

[फा. सं. एनएचएआई/पीआईयू-एसएनपी/एनएच-344पी/यूईआर-II(पीकेजी-IV)/टोलफी/2023/ई-234438]

सुमन प्रसाद सिंह, संयुक्त सचिव

**MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 26th July,2024

**S.O. 3041(E).—**Whereas by notification of the Government of India in the Ministry of Road Transport and Highways number S.O. 515 (E) dated the 03rd February, 2021 issued under Section 11 of the National Highway Authority of India Act 1988 (68 of 1988) , the Central Government has entrusted the stretch 'starting from its junction with NH-344M near Bawana Industrial area in NCT of Delhi and terminating at its junction with NH-352A near Barwasini village (Sonipat) in the state of Haryana' to the National Highways Authority of India (hereinafter referred to as the "Authority");

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 7 of the National Highways Act, 1956 (48 of 1956), read with rule 3 of the National Highways Fee (Determination of Rates and Collection) Rules, 2008 (hereinafter referred to as the "rules") the Central Government hereby levies the fee on mechanical vehicles at the rate specified in column (2) of the Table 1 for net road section length of 28.282 km and equivalent structure length (having length more than 60m) of 18.130 km (having length of 1.813 km) and one and half times the base rates for bypass length of 00.00 km (Costing rupees ten crore or more) for the use of four and more lane section on the

type of vehicles specified in column (1) of the Table 1 below of 4-lane NH-344P (UER Package-04) from Km 00+000 to Km 29+600 starting from Bawana Industrial Area, Delhi (at Km 07+750 of NH-344M) till Sonepat bypass of NH-352A at village Barwasani, Sonipat in Haryana as SPUR of 344M and authorizes the Authority to collect, either through its officials or through a contractor, the said fee, namely:-

| **Table-1** | |
|---|---|
| **Type of vehicle** | Base rate of fee per km for the base year 2007-08 (in Rupees) |
| (1) | (2) |
| Car, Jeep, Van or Light Motor Vehicle | 0.65 |
| Light Commercial Vehicle, Light Goods Vehicle or Mini Bus | 1.05 |
| Bus or Truck (Two Axles) | 2.20 |
| Three-axle commercial vehicles | 2.40 |
| Heavy Construction Machinery (HCM) or Earth Moving Equipment (EME) or Multi Axle Vehicle (MAV) (four to six axles) | 3.45 |
| Oversized Vehicles (seven or more axles) | 4.20 |

1. The fee to be levied and collected hereunder shall be due and payable at the Fee Plaza for net road length specified for such Fee Plaza namely: -

| **Table-2** | | |
|---|---|---|
| **Location of Fee Plaza (Chainage)** | **Length (in km) for which Fee is payable** | **Rate at which fee is payable** |
| At Km. 09.550 (near Jhinjoli Village of Sonipat District in Haryana State) | 28.282 [excluding length of structure> 60m] | 100% for four or more lane of the base rates mentioned in Table-1 above |

2. In addition to above, the following fee shall also be due and payable for the use of the following structures having length more than 60m at the following Fee Plaza(s), by converting the length of structures into an equivalent length of highway by multiplying the length of such structures by an equalisation factor of 10: -

| **Table-3** | | | |
|---|---|---|---|
| Location of Fee Plaza Chainage) | Length of structures^ (in km) to be converted into equivalent road length | Equivalent road length (in km) | Rate at which fee is payable |
| At Km. 09.550 (near Jhinjoli Village of Sonipat District in Haryana State) | 1.813 | 18.13 | 100% for four or more lane of the base rates mentioned in Table-1 above |

^The detail is as under:

| 4 lane structures | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S.No. | Chainage | | Type of Structure | Length (in km) |
| | From Km | To Km | | |
| 1 | 0.162 | 0.504 | Flyover on LHS | 0.245 |
| 2 | 0.280 | 0.427 | Underpass Box on RHS | |
| 3 | 3.140 | 3.260 | Flyover | 0.120 |
| 4 | 23.200 | 24.325 | Flyover | 1.125 |
| 5 | 29.200 | -0.225 | Underpass Box on LHS | 0.25 |
| 6 | 29.300 | -0.225 | Underpass Box on RHS | |
| 7 | 29.380 | 29.453 | Bridges (Continuous Structures) | 0.073 |
| Total | | | | **1.813** |

3. The rate of monthly pass for a person who owns a mechanical vehicle registered for non-commercial purposes and resides within a distance of twenty kilometers from the fee plaza is 340.00 (Rupees Three Hundred and Forty Only) for the year 2024-25 and is subject to revision every year as per the provisions of the said rules.

4. For multiple journeys on the highway section, passes shall be issued at the following rates, namely: -

**Table-4**

| Amount Payable | Maximum number of one-way journeys allowed | Period of validity |
|---|---|---|
| One and one-half times of the fee for one way journey | Two | Twenty-four hours from the time of payment |
| Two-third of amount of the fee payable for fifty single journeys | Fifty | One month from date of payment |

5. Fee for commercial vehicle (excluding vehicles plying under National permit) registered in the district where the fee plaza falls shall be 50% of the specified rate for that category of vehicle provided no service road or alternative road is available for use of such commercial vehicles.

6. The driver or owner or a person in charge of a mechanical vehicle which is loaded in excess of permissible load specified for its category, shall be liable to pay fee for entering the overloaded vehicle on the National Highway to the fee collecting agency, equal to the fee specified in sub-rule 1A of rule 10 of the said rules, and shall not be entitled to make use of the highway section unless the excess load has been removed from such mechanical vehicle.

7. All definitions including category of mechanical vehicles, its permissible load, category of exempted vehicles, service road, alternative road, etc. shall be as per definitions specified in the said rules.

8. The fee rates shall be displayed for information of the users in accordance with rule 12 of the said rules.

9. Based on the base rate of fee per kilometer for the base year 2007-08 as mentioned in Table-1 above, the actual amount of fee to be charged from the mechanical vehicles and the discounts will be calculated by the Authority on the basis of the completed length of the section and revised annually in accordance with the rule 5 of the said rules and the same shall be published in at least one newspaper in English and vernacular language.

10. The estimated capital cost of the project is Rupees 1918.59 crore. The capital cost is subject to variation as the activities of land acquisition, utility shifting, tree cutting, etc. are yet to be completed. The Authority shall maintain a record of the recovery of capital cost through user fee realised.

[F. No. NHAI/PIU-SNP/NH-344P/UER-II(PKG-IV)/TollFee/2023/E-234438]

SUMAN PRASAD SINGH, Jt. Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.
SARVESH KUMAR SRIVASTAVA Digitally signed by SARVESH KUMAR SRIVASTAVA Date: 2024.07.30 22:40:22 +05'30'